झारखण्ड सरकार

# जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका

## ।। विज्ञापन ।।

मनरेगा अन्तर्गत दुमका जिला में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी /तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)/तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष)/कम्प्यूटर सहायक/लेखा सहायक/ग्राम रोजगार सेवक की संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्रमांक | रिक्त पद | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अ0जा0 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम रोजगार सेवक | 23 | 40 | 0 | 63 |
| 2 | कम्प्यूटर सहायक | 3 | 4 | 0 | 7 |
| 3 | लेखा सहायक | 3 | 4 | 0 | 7 |
| 4 | कनीय अभियंता | 11 | 2 | 1 | 14 |
| 5 | सहायक अभियंता | 0 | 5 | 0 | 5 |
| 6 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 0 | 0 | 1 | 1 |
| कुल | | 40 | 55 | 2 | 97 |

उक्त पदों पर आवेदन हेतु पूर्ण विवरणी दुमका जिला के Website- www.dumka.nic.in पर देखा जा सकता है।

Sd/-
(शेखर जमुआर झा0प्र0से0)
उप विकास आयुक्त
–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक
दुमका।

ज्ञापांक 25 / जि0ग्रा0वि0अभि0, दुमका दिनांक 7-01-2020

**प्रतिलिपि** :–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ससमय प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रतिलिपि** :–जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि Website- www.dumka.nic.in पर उक्त विज्ञापन को Upload करना सुनिश्चित करेंगे।

Sd/- 7.1.2020
(शेखर जमुआर झा0प्र0से0)
उप विकास आयुक्त
–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक,
दुमका।

# जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका।

## मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी / तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) / तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) / कम्प्यूटर सहायक / लेखा सहायक / ग्राम रोजगार सेवक की संविदा के आधार पर नियुक्ति संबंधी सूचना :–

।। विज्ञापन ।।

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007 एवं पत्रांक (N) 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में दुमका जिला के अधीन मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी / तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) / तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) / कम्प्यूटर सहायक / लेखा सहायक / ग्राम रोजगार सेवक की संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु निम्नांकित शर्तों के आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

1. आवेदन पत्र उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका के पदनाम से दिनांक – 25.01.2020 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका में 4.00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक द्वारा प्राप्त किया जायेगा।

2. प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी

प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के लिये रिक्त पदों की संख्या – 01(अ0जा0)

मासिक परिलब्धि – 19500.00 (उन्नीस हजार पाँच सौ) रू0

(1) अनिवार्य योग्यता– सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से किसी भी संकाय एवं विषय में प्रतिष्ठा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण। सामान्य स्नातक तथा वैसे स्नातक प्रतिष्ठा उत्तीर्ण, जिनका प्राप्तांक 55 प्रतिशत से कम है, परन्तु वे स्नातकोत्तर उत्तीर्ण हो तो वे भी आवेदन समर्पित कर सकेंगे। सामान्य स्नातक तथा स्नातक प्रतिष्ठा में समतुल्यता स्थापित करने के लिए सामान्य स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा दिया जायेगा तथा ऐसे घटे हुए प्राप्तांक प्रतिशत को स्नातक प्रतिष्ठा की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(2) अतिरिक्त योग्यता– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एम0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0एम0 / पी0जी0डी0आर0डी0ए0 / बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0(कम्प्यूटर विज्ञान) अतिरिक्त योग्यता होगी। एम0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0एम0 एवं पी0जी0डी0आर0डी0ए0 में समतुल्यता लाने के लिए एम0बी0ए0 / पी0जी0डी0बी0एम0 / पी0जी0डी0आर0डी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटाकर एम0बी0ए0 की कोटि में प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा। बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर को बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत में क्रमशः 5 घटा दिया जायेगा तथा बी0एस0सी0 आनर्स कोटि में तदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

(ख) एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 / सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के पश्चात पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0 ।0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

3. तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)

तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) लिये रिक्त पदों की संख्या – 05(अ0ज0जा0)

मासिक परिलब्धि – 19234.00 (उन्नीस हजार दो सौ चौतीस) रू0

(1) अनिवार्य योग्यता– सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल संकाय में बी0ई0 या बी0टेक0 अनिवार्य योग्यता होगी।

(2) अतिरिक्त योग्यता– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में एम0टेक0 तथा पी0जी0डी0सी0ए0 / एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी

(ख) एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा।

4. तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष)

तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) लिये रिक्त पदों की संख्या –14(अनारक्षित–11, अ0ज0जा0–02, अ0जा0–01)

मासिक परिलब्धि – 17520.00 (सत्रह हजार पाँच सौ बीस) रू0

(1) अनिवार्य योग्यता– सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल संकाय में डिप्लोमा अनिवार्य योग्यता होगी।

(2) अतिरिक्त योग्यता– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0टेक0/बी0ई0 तथा बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर आनर्स तथा एम0सी0ए0/पी0जी0डी0सी0ए0/ एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

(ख) बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर को बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जायेंगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स कोटि में तनदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

(ग) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा।

5. **लेखा सहायक**

लेखा सहायक लिये रिक्त पदों की संख्या –07(अनारक्षित–03, अ0ज0जा0–04)

मासिक परिलब्धि – 10000.00(दस हजार) रू0

(1) अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0कॉम ऑनर्स या सामन्य बी0कॉम में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण। सामान्य बी0कॉम उत्तीर्ण, जिन्हें 55 प्रतिशत प्राप्त नहीं हुआ हो, परन्तु जिन्होनें तत्पश्चात् एम0कॉम किया हो तो वे आवेदन दे सकेंगे परन्तु बी0कॉम के कुल प्रतिशत प्राप्तांक में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

6. **कम्प्यूटर सहायक**

कम्प्यूटर सहायक लिये रिक्त पदों की संख्या –07(अनारक्षित–03, अ0ज0जा0–04)

मासिक परिलब्धि – 10000.00 (दस हजार) रू0

**(1) अनिवार्य योग्यता –**

(a) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नांकि.. कोटि के व्यक्ति आवेदन दे सकेंगे –

1. बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स
2. बी0एस0सी0 कम्प्यूटर सामान्य
3. बी0सी0ए0
4. सामान्य स्नातक उत्तीर्ण के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 उत्तीर्ण।

(b) बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के प्रतिशत प्राप्तांक में 5 घटाते हुए उसे बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा। वैसे सामान्य स्नातक जिन्होने तत्पश्चात् पी0जी0डी0 सी0ए0 किया हो के सामान्य स्नातक के प्रतिशत प्राप्तांक में 10 घटा कर बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(2) अतिरिक्त योग्यता– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0सी0ए0/पी0जी0डी0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईस अतिरिक्त योग्यता होगी। (ख) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगें। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0/सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

7. **ग्राम रोजगार सेवक**

ग्राम रोजगार सेवक लिये रिक्त पदों की संख्या –63(अनारक्षित–23, अ0ज0जा0–40)

मासिक परिलब्धि – 7500.00 (सात हजार पाँच सौ) रू0

(1) अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंटरमिडिएट या मैट्रिक परीक्षा के पश्चात् किसी भी ट्रेड में ITI मैट्रिक के पश्चात् ITI की स्थिति में ITI के प्राप्तांक प्रतिशत को इंटरमिडिएट प्राप्तांक प्रतिशत के समतुल्य समझा जायेगा।

(2) अतिरिक्त योग्यता– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय/संकाय में स्नातक प्रतिष्ठा/सामान्य स्नातक/बी0सी0ए0 तथा किसी विषय में स्नातकोत्तर/पी0जी0डी0सी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।

(ख) स्नातक प्रतिष्टा के प्रतिशत प्राप्तांक को 05 अंक का अधिभार देते हुए स्नातक की कोटि में अंकित किया जायेगा। पी0जी0डी0सी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0आर0डी0 को स्नातकोत्तर की श्रेणी में लाने के लिए उसके प्राप्तांक प्रतिशत में 05 घटा दिया जायेगा। (ग) अभ्यर्थियों का योग्यता स्कोर का निर्धारण इंटरमिडिएट, स्नातक तथा स्नातकोत्तर योग्यताओं के कुल औसत प्रतिशत प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। उपर वर्णित सभी शैक्षणिक योग्यताएँ जिसकी

सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान का ही मान्य होगा। (घ) आवेदन पत्र के आधार पर श्रेणीवार मेधा सूची तैयार की जायेगी, जो आगामी एक वर्ष के लिए वैध होगा।

5. आयु सीमा – न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम आयु सीमा–अनारक्षित– 35 वर्ष, महिला (अनारक्षित, पिछड़ा एवं अन्यंत पिछड़ा)– 38 वर्ष, अ0ज0जा0 / अ0जा0 (पुरूष एवं महिला)– 40 वर्ष।

6. योग्य एवं अहर्त्ता प्राप्त आवेदक यदि एक से अधिक पद हेतु आवेदन जमा करना चाहे, तो वे प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन समर्पित करेंगें।

7. तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) / कम्प्यूटर सहायक / लेखा सहायक / ग्राम रोजगार सेवक पद के आवेदन के साथ दुमका जिला के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति समर्पित करना आवश्यक है।

8. चयनित अभ्यथियों का पदस्थापन दुमका जिला के किसी भी प्रखण्ड एवं किसी ग्राम पंचायत में रिक्त पदो के विरूद्ध उप विकास आयुक्त–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया जायेगा तथा उनका पदस्थापन संबंधी निर्णय बाध्यकारी होगी।

9. प्रारंभिक चरण में संविदा आधारित नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इसका कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व नियुक्ति के लिए गठित समिति द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण नहीं होने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

10. किसी कार्यरत कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं रहने के स्थिति में उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना या एक माह के परिलब्धि देकर सेवा समाप्त कर दी जायेगी तथा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर कार्यरत कर्मी की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जायेगी।

11. आवेदनकर्त्ता अपने आवेदन एवं संलग्न प्रमाण–पत्रों की प्रति को एक बडे लिफाफे में रखकर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अंकित करते हुए निबंधित डाक द्वारा समर्पित करेंगें।

12. विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के सिाथ सभी प्रकार के शैक्षिणिक योग्यता प्रमाण–पत्रों / अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

उक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है।

5.1.2020

(शेखर जमुआर झा0प्र0से0)
उप विकास आयुक्त
–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक
दुमका।

# आवेदन–पत्र

अभिप्रमाणित फोटो

1) आवेदित पद का नाम :–

2) आवेदक का नाम :–

3) आवेदक का पिता / पति का नाम :–

4) लिंग (पुरूष / महिला) :–

5) स्थायी पता :–

6) पत्राचार का पता :–

7) जन्म तिथि :–

8) कोटि (सामान्य / अ0ज0जा0 / अ0जा0 / पिछडा / अत्यंत पिछड़ा वर्ग) :–

9) दूरभाष / मोबाईल नं0 :–

10) ईमेल (यदि है तो) :–

11) शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0 | परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | उत्तीर्ण का श्रेणी | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |

12) अन्य योग्यता :–

13) अनुभव :–

14) अनुलग्नक :–

घोषणा :– प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर वर्णित सभी विवरणी सत्य है। असत्य एवं गलत पाये जाने पर स्वयं दण्ड के भागी होंगे।

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर